# उच्च शिक्षा और शोध संस्थान
# दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा, मद्रास
## डी.इएल.ईडी.–प्रथम सत्र
## हिन्दी : भाषा प्रवीणता और शैक्षणिक पहलू (104)

दिनांक : 31.12.2025 **पूर्णांक : 50**

समय : सुबह 10:30 से 1:00 तक

**I निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए ।** **05X1=05**

1. भारतीय संविधान में ............ भाषा को राजभाषा के रूप में स्वीकार किया है ।
   अ. मलयालम आ. हिन्दी इ. अंग्रेज़ी ई. तीनों को
2. भाषाभिव्यक्ति के ........... प्रकार है ।
   अ. एक आ. दो इ. तीन ई. चार
3. शुद्ध लेखन में .......... को अत्यधिक महत्व दिया जाता है ।
   अ. सुन्दरता आ. स्पष्टता इ. व्याकरण इं. तीनों को
4. हिन्दी भाषा में कुल वर्णों की संख्या ..........है ।
   अ. 46 आ. 48 इ. 52 ई. 54
5. वाचन के ........ प्रकार है ।
   अ. एक आ. दो इ. तीन ई. चार

**II निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखिए ।** **05X1=05**

1. भाषा की एक परिभाषा लिखिए ।
2. हिन्दी दिवस कब मनाया जाता है ?
3. भाषा की विभिन्न रूप बताइए ।
4. सस्वर वाचन के दो लाभ लिखिए ।
5. भाषीय कौशल का विकास क्रम बताइए।

**III निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर 40 शब्दों में लिखिए।** **05X3=15**

1. मानव विकास में भाषा का महत्व स्पष्ट कीजिए।
2. भारत में बहुभाषिकता की प्रकृति समझाइए ।
3. विद्यालयों में शिक्षा के माध्यम के रूप में प्रादेशिक भाषा का महत्व स्पष्ट कीजिए।
4. भाषायी कौशल में बोलना कौशल का महत्व समझाइए।
5. भाषाभिव्यक्ति के प्रकारों की संक्षिप्त जानकारी दीजिए।
6. वाचन शिक्षण से क्या तात्पर्य है? इसके प्रकारों को विस्तार से समझाइए ।
7. संविधान में राष्ट्रभाषा हिन्दी का स्थान एवं महत्व पर प्रकाश डालिए।
8. सूक्ष्म शिक्षण का अर्थ, महत्व एवं आवश्यकता स्पष्ट कीजिए।

**IV निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 80 शब्दों में लिखिए।** **3X05=15**

1. भाषा कौशल का अर्थ बताते हुए उसके प्रकारों की संक्षिप्त जानकारी दीजिए।
2. प्रतिलेख और श्रुतलेख में क्या अंतर है ?समझाइए ।
3. लेखन कौशल को विकसित करने के प्रमुख विधियों की जानकारी दीजिए।
4. अहिन्दी प्रदेश में हिन्दी पढाने के उद्देश्य समझाइए।
5. सूक्ष्म शिक्षण के प्रमुख कौशलों की जानकारी दीजिए।

**V निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर तीन पृष्ठों में लिखिए।** **1X10=10**

1. हिन्दी भाषा शिक्षण के प्रमुख विधियों की विस्तार से जानकारी दीजिए।
2. सूक्ष्म शिक्षण की विभिन्न परिभाषाएँ देते हुए सूक्ष्म शिक्षण चक्र समझाइए।

# उच्च शिक्षा और शोध संस्थान
# दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा, मद्रास

## डी.इएल.ईडी. प्रथम सत्र
## शिक्षा का दार्शनिक, समाजशास्त्रीय और ऐतिहासिक आधार
## (102)

दिनांक : 30.12.2025 पूर्णांक : 70

समय : सुबह 10:30 से 1:30 तक

**I निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए ।** **05X1=05**

1. केरल में शिक्षा को बढावा देनेवाला प्रमुख आन्दोलन कौन-सा है?
   अ. वैकोम आन्दोलन आ. नारा आन्दोलन
   इ. स्वदेशी आन्दोलन ई. चिपको आन्दोलन

2. 'वुड्स डिस्पेच' शिक्षा प्रणाली किस वर्ष आई थी ?
   अ. सन् 1813 आ. सन् 1854 इ. सन् 1904 ई. सन् 1935

3. केरल में साक्षरता दर सबसे अधिक होने का प्रमुख कारण क्या है?
   अ. कृषि का विकास आ. शिक्षा पर निरन्तर सरकारी निवेश
   इ. औद्योगिक विकास ई. पर्यटन का विस्तार

4. शिक्षा का मुख्य उद्देश्य क्या है ?
   अ. जानकारी देना आ. सर्वांगीण विकास
   इ. अनुशासन करवाना इ. परीक्षा में सफलता

5. शिक्षण प्रक्रिया का केन्द्र कौन है ?
   अ. शिक्षक आ. पाठ्यक्रम इ. छात्र ई. प्राचार्य

**II निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखिए ।** **05X1=05**

1. शिक्षा, एक सामाजिक प्रक्रिया - क्यों ?
2. 'शिक्षा' शब्द किस भाषा से लिया गया है ?
3. आधुनिक समाज में शिक्षा का कोई एक महत्व बताइए।
4. व्यावहारिकता क्या है ?
5. अरस्तू, शिक्षा को किस रूप में देखते थे ?

**III निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर 40 शब्दों में लिखिए।** **10X2=20**

1. समग्र विकास से क्या अभिप्राय है ?
2. "शिक्षा एक सामाजिक संस्था है"- स्पष्ट कीजिए ।
3. सैडलर आयोग के प्रमुख सुझाव बताइए।
4. कुडिपलिकूडम (बालवाडी) ने शिक्षा को किस प्रकार सशक्त बनाया है ?
5. केरल की समकालीन शिक्षा प्रणाली की मुख्य समस्याएँ क्या है ?
6. सामाजिक जीवन में शिक्षा की क्या भूमिका है?
7. शिक्षा में आदर्शवाद की प्रासंगिकता क्या है?

8. शिक्षा और सामाजिक समानता के बीच क्या सम्बंध है?
9. शिक्षा में मानवतावाद का स्वरूप क्या है?
10. व्यवहारवाद का शिक्षक पर क्या प्रभाव पडा है ?
11. विभिन्न दार्शनिक, शिक्षक की भूमिका को कैसे देखते थे ?
12. शिक्षक योग्यता परीक्षा आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य क्या है?

IV **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर 80 शब्दों में लिखिए।** **04X05=20**

1. शिक्षक बनने के लिए TET योग्यता परीक्षा क्यों अनिवार्य मानी जाती है?
2. शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने में किस प्रकार की भूमिका निभाती है?
3. गांधीजी के मूलभूत शिक्षा दर्शन की मुख्य विशेषताओं का वर्णन कीजिए।
4. टैगोर के प्राकृतिक और सृजनात्मक शिक्षा दर्शन की मुख्य विशेषताएँ बताइए।
5. स्वतंत्रता के बाद केरल में शिक्षा विस्तार की प्रमुख उपलब्धियाँ बताइए।
6. केरल के साक्षरता अभियान की सफलता के कारण क्या है? समझाइए।

V **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर तीन पृष्ठों में लिखिए।** **02X10=20**

1. मॉन्टेसरी शिक्षा पद्धति की उपयोगिता एवं महत्व पर प्रकाश डालिए।
2. शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम क्या है ? इसके उद्देश्य एवं महत्व पर विस्तृत विचार कीजिए।
3. विश्व शिक्षा से क्या तात्पर्य है? इसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।
4. पावलव के शिक्षा दर्शन पर विस्तृत व्याख्या कीजिए।

# उच्च शिक्षा और शोध संस्थान
# दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा, मद्रास

## डी.इल.ईडी. (शिक्षा स्नातक) - प्रथम सत्र
## शैक्षिक मनोविज्ञान : सिद्धांत और अभ्यास (101)

दिनांक : 29.12.2025 पूर्णांक : 70

समय : सुबह 10:30 से 1:30 तक

**I निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए । 05X1=05**

1. किस अवस्था में बच्चा सही और गलत में अंतर करने में असमर्थ हो जाता है ?

   अ. संवेदिक पेशीय अवस्था आ. पुर्व सं-क्रियात्मक अवस्था
   इ. मूर्त संक्रियात्मक अवस्था ई. औपचारिक संक्रियात्मक अवस्था

2. निम्नलिखित में से कौन सी समस्या समाधान की रणनीति नहीं है?

   अ. प्रयास एवं सफलता विधि आ. केस स्टडी इ. अंतर्दृष्टि ई. विश्लेषणात्मक विधि

3. शैक्षिक मनोविज्ञान निम्नलिखित में से किस में सहायक है ?

   अ. अनुशासन बनाए रखना आ. बाल विकास का ज्ञान
   इ. मूल्यांकन ई. सर्वांगीण विकास

4. बालकों में भाषा विकास एक निश्चित क्रम में होता है? बच्चा किस महीने में बलबलाना शुरू करता है

   अ. एक महीना आ. तीन महीने इ.नौ महीने ई. बारह महीने

5. किस परीक्षण के अंतर्गत विद्यार्थियों की रुचियों, अभिवृत्तियों तथा समायोजन क्षमताओं का अध्ययन किया जाता है?

   अ. बुद्धि परीक्षण आ. उपलब्धि परीक्षण
   इ. व्यक्तित्व परिषद ई. इनमें से कोई नहीं

**II निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्य में लिखिए । 05X1=05**

1. बुद्धि और विकास के अनुसार प्रकृति का नियम क्या है?
2. अमौखिक संप्रेषण के चार रूप कौन से है ?
3. विकासात्मक कार्यों की अवधारणा को सामने रखनेवाले मनोवैज्ञानिक कौन है ?
4. आत्म-सम्मान से क्या तात्पर्य है?
5. मूल्य मापनी क्या होती है?

**III निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर 40 शब्दों में लिखिए। 10X2=20**

1. बाल्यावस्था में बच्चों के व्यक्तित्व की विशेषताएँ क्या है?
2. चिंतन प्रक्रिया के विकास के लिए उत्तरदाई कारकों की व्याख्या कीजिए ?
3. तर्क के दो प्रकारों को विस्तार से समझाइए ।
4. प्रारंभिक बाल्यावस्था को बल का अत्यंत महत्वपूर्ण समय क्यों माना जाता है?
5. अभिवृत्ति और रुचि के मध्य विभेद कीजिए?
6. संवेग के किन्हीं दो प्रकारों को लिखिए ?
7. 'चाह' और 'आवश्यकता' के मध्य क्या अंतर है ? स्पष्ट कीजिए ।

8. बुद्धि को संक्षेप में परिभाषित कीजिए ।
9. भग्नाशा के स्थिति में व्यवहार के प्रकार स्पष्ट कीजिए।
10. मनोविज्ञान की आधुनिक परिभाषा की व्याख्या कीजिए।
11. कक्षागत व्यवहार संबंधी समस्याओं को समझाइए।
12. व्यक्तित्व की दार्शनिक विचारधारा क्या है ? स्पष्ट कीजिए।

**IV निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर 80 शब्दों में लिखिए। 4X5=20**

1. दृश्य माध्यम बच्चों के चरित्र निर्माण को प्रभावित करता है- समझाइए ।
2. एक शिक्षक के रूप में आप बच्चों में तर्क की क्षमता विकसित करने के लिए क्या कर सकते हैं ? समझाइए ।
3. बाल विकास को प्रभावित करनेवाले कारकों को स्पष्ट कीजिए ।
4. व्यक्तित्व की गतिशीलता के सिद्धांत पर सिगमंड फ्रायड के विचारों का सारांश दीजिए।
5. शिक्षक प्रशिक्षण पाठयक्रमों में अध्ययन के विषय के रूप में शैक्षिक मनोविज्ञान को शामिल करने का औचित्य सिद्ध कीजिए ?
6. बच्चों के भावनात्मक विकास में सहकर्मी समूहों की भूमिका पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

**V निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर तीन पृष्ठों में लिखिए। 2X10=20**

1. किसी व्यक्ति के विकास को सामाजिक कारण की प्रक्रिया किस प्रकार प्रभावित करती है?
2. बाल्यावस्था की विशेषताओं का वर्णन करते हुए बाल्यावस्था में शिक्षा के स्वरूप पर प्रकाश डालिए।
3. शिक्षा मनोविज्ञान के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा के लिए मनोविज्ञान की आवश्यकता को समझाइए।
4. अधिगम को प्रभावित करनेवाले कारकों का वर्णन कीजिए।